उत्पादों की आपूर्ति में चोरी की जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार ने इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की है ;

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(घ) यह मामला सरकार के ध्यान में कब लाया गया था ; और

(ङ) पैट्रोलियम उत्पादों की इस चोरी और मिलावट से सरकार को कितना नुकशान हुआ है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) से (ङ) हिन्दुस्तान पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड को सितम्बर, 1991 के दौरान रावत भाटा के "भारी जल संयंत्र" को आफ-स्पैक एल एस एच एस की आपूर्ति होने की शिकायत प्राप्त हुई है । नवम्बर, 1991 से एल एस एच एस की सभी आपूर्तियां नमी तत्व के परीक्षण के बाद ही दी जाती हैं । इस समय ऐसी कोई शिकायत नहीं है ।

Import of oil

3015. SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA; Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government propose to sign fresh term contract to import oil from Saudi Arabia, Kuwait and Iran;

(b) if so, what are the details in this regard;

(c) whether the oil supplies from Russia have fallen; and

(d) if so, what further efforts Gov ernment propose to make oil available from foreign countries?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI B. SHANKARANAND): (a) and (b) Indian Oil Corporation has finalised term contracts with the National Oil Companies of Saudi Arabia, Kuwait and Iran for import of the following quantities of crude oil during April, 1992 to March, 1993.

Names of the Countries	Quantity (in MMT)
Saudi Arabia	5.0
Kuwait	4.0
Iran	2.0

(c) and (d) The shortfall in the supplies from Russia is being met from alternative sources.

बरौनी तेल शोधक कारखाने की शोधन क्षमता

3016. **श्री विनोद शर्मा** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बरौनी तेलशोधक कारखाने में वर्ष 1979-90 1990-91 और 1991 92 के दौरान कुल कितनी मात्रा में तेल शोधन किया गया और इस संयत्र की कुल अधिष्ठापित क्षमता कितनी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस कारखाने की पूर्ण क्षमता का उपयोग न होने के कारण इसे आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है ;

(ग) यदि हां, तो उपर्युक्त वर्षों के दौरान इस कारखाने को कितनी आर्थिक हानि उठानी पड़ी है ;

(घ) क्या सरकार ने कारखाने को इस हानि से बचाने के उपाय करने का निश्चय किया है ; और

(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) बरौनी रिफाइनरी की स्थापित क्षमता 3.3 मिलियन टन प्रति वर्ष है । शोधित होने वाले